तापमान

अधिकतम 40 डिग्री

न्यूनतम 30 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, सोमवार 9 जून 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



11 राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में पहलवानों ने दिखाए दांवपेंच



12 ठेमली आइलैण्ड को पक्षी अभ्यारण्य बनाने का प्रपोजल




## खबर संक्षेप

### देवरी में पंजीयन शिविर 10 को

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज में विभिन्न कोर्सों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वर्तमान में सुरक्षा गार्ड का प्रशिक्षण शुरू किया जाना है। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण के इच्छुक युवाओं के चयन के लिए ग्राम पंचायत देवरी में 10 जून को शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 से शाम 5 बजे से ग्राम पंचायत भवन में आयोजित किया जाएगा।

### आम पेड़ में लटकी मिली युवक की लाश



**नगरी।** नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 2 डमकाडीह स्टेडियम के पास आम पेड़ में एक युवक की लाश फंदे पर लटकी मिली। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवक का नाम लखन लाल लहरे है जो रायपुर निवासी है। युवक ने आत्महत्या की है या उसकी हत्या हुई है। इस मामले की जांच नगरी पुलिस कर रही है। जांच के बाद ही वास्तविकता का पता चल पाएगा।

### तालाब में डूबने से महिला की मौत

**नगरी।** नगरी ब्लाक के ग्राम पंडरीपानी निवासी 65 वर्षीय महिला की तालाब में डूबने से मौत हो गई। यह घटना तालाब में नहाने के दौरान पांव के फिसलने से हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंडरीपानी निवासी 65 वर्षीय महिला नहाने तालाब में गई थी और अचानक पांव फिसलने से गहरे पानी में डूब गई जब तक ग्रामीण महिला को बचाते तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। सिहावा पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। नगरी शासकीय अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया गया।

### अवैध शराब की बिक्री कर रहा आरोपी पकड़ाया




**धमतरी।** ग्राम अंवरी में अवैध शराब की बिक्री कर रहे आरोपी के विरुद्ध बिरेझर पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपी से कुल 34 पौवा देशी मशाला शराब कीमत 3400 रूपये एवं बिक्री रकम 520 रूपये कुल 3920 रूपये जब्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा गया। पुलिस चौकी बिरेझर को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम अंवरी में एक युवक अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा है। पुलिस ने रेड कार्रवाई कर आरोपी खिलावन कुमार चेलक पिता महेश राम चेलक उम्र 23 वर्ष ग्राम अंवरी के कब्जे से प्लास्टिक बोरी के अंदर 34 पौवा देशी मशाला शराब प्रत्येक में 180-180 एमएल भरी हुई सीलबंद कुल 6.120 बल्क लीटर कीमत 3400 रूपये एवं बिक्री रकम 520 रुपये जुमला रकम 3920 रूपये जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा। इस कार्रवाई में चौकी बिरेझर से प्रआर हेमु साहू, सैनिक गोवर्धन लहरे, भुनेश्वर साहू का योगदान रहा।

## धरती आदिवासी बाहुल्य जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना के तहत 15 से 30 जून तक लगेंगे शिविर

# बदलेगी जिले के 108 आदिवासी बाहुल्य गांवों की सूरत

### सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, इंटरनेट कनेक्टिविटी, पीएम आवास सहित कई योजनाओं का मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जनमन योजना की तर्ज पर अब आदिवासी बाहुल्य गांवों में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना शुरू की जा रही है। जिले की 97 ग्राम पंचायतों के 108 गांवों का चयन इस योजना के तहत किया गया है। इसके तहत 15-30 जून तक इन गांवों में शिविर लगाया जाएगा। कई योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को इसी शिविर में दिया जाएगा। सालभर के भीतर इन गांवों का कायाकल्प करने का लक्ष्य रखा गया है।

भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर समर्पित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना का उद्देश्य आदिवासी बाहुल्य गांवों का कायाकल्प करना है। उल्लेखनीय है कि जिले में करीब 6 प्रकार की जनजातियां रहती हैं। इसमें गोंड, कंवर, हल्बा, कमार आदि शामिल हैं। जहां पर इनकी आबादी 50 प्रतिशत से अधिक है, उन गांवों में आबा योजना के तहत विकास कार्य किए जाएंगे। धमतरी जिले में 97 ग्राम पंचायतों के 108 गांव इस श्रेणी में आते हैं। इस योजना के तहत सबसे ज्यादा लाभ नगरी विकासखंड को मिलेगा। कुरूद विकासखंड में सिर्फ एक गांव को ही इसका लाभ मिल रहा है। धमतरी और मगरलोड विकासखंड के भी कई गांव इसमें शामिल होंगे। इन गांवों में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य की बेहतर सुविधाएं विकसित की जानी है। गांवों में शासन की विभिन्न योजनाओं से शत्-प्रतिशत लोगों को लाभान्वित करने के लिए 15 से 30 जून तक धरती आबा संतृप्तिकरण शिविर लगाया जाएगा। इन शिविरों में ग्रामीणों को 17 विभागों की 25 योजनाओं से यथासंभव मौके पर ही लाभान्वित किया जाएगा। शिविरों में जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र बनाने के साथ-साथ, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, बीमा कार्ड, श्रम कार्ड, श्रम पंजीयन आदि भी किया जाएगा। खेती-किसानी, पशुपालन, मुर्गीपालन, सुअर पालन, मछलीपालन, डेयरी गतिविधियों के इच्छुक ग्रामीणों को इन योजनाओं का फायदा पहुंचाया जाएगा। सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन के प्रकरण तैयार किए जाएंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया जाएगा। छूटे हुए लोगों का मनरेगा जॉब कार्ड बनाया जाएगा।

#### बड़ी योजनाओं के लिए होगी प्लानिंग

संतृप्तिकरण शिविरों में चयनित सभी 108 गांव के लिए पहुंच मार्ग, पेयजल, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी केन्द्रों से पोषण, इंटरनेट और मोबाइल सर्विस की उपलब्धता के साथ-साथ आजीविका संवर्द्धन के लिए कौशल विकास के लिए भी ग्रामीणों से चर्चा कर प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने ग्रामीणों से इन शिविरों में उपस्थित रहने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि इस अभियान के तहत गांव की स्थानीय जरूरतों के हिसाब से विकास योजनाओं को बनाने, उनका संचालन करने और उसमें आने वाली समस्याओं को मिल-बैठकर आपसी सहमति से सुलझाने के लिए इन शिविरों में ग्रामीणों की अधिक से अधिक भागीदारी जरूरी है। युवाओं से भी शिविर में शामिल होने की अपील की है।



#### फायदे ही फायदे

यह योजना जनजातीय क्षेत्र का विकास सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा लांच की गई है। इसके तहत आदिवासी परिवारों को पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अपने घरों में होमस्टे की सुविधा शुरू करने के लिए अनुदान दिया जाएगा। वन अधिकार अधिनियम के तहत सभी अधिकार धारकों को टिकाऊ कृषि पद्धतियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जनजातीय परिवारों को पक्के मकान की सुविधा दी जाएगी। एलपीजी कनेक्शन, बेहतर इंटरनेट कनेक्टिविटी जैसी कई सुविधाएं इन गांवों में शुरू की जाएगी।

# काली कार ने बिलाईमाता चौक में मचाया आतंक

- नारियल दुकान, कार व अन्य गाड़ियों को ठोका
- शराब पीकर कार चला रहे चालक पर पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




बिलाईमाता चौक में नशे में धुत एक युवक ने अपने काले रंग की कार से जमकर उत्पात मचाते हुए नारियल दुकान व अन्य कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

शनिवार की रात्रि लगभग 10 बजे बिलाईमाता चौक के पास लोगो की आवाजाही हो रही थी। वहीं सड़क किनारे दुकान लगाने वाले दुकानदार भी घर जाने की तैयारी कर रहे थे। कुछ दुकानें बंद भी हो गई थीं। इसी दौरान कहीं से एक काले रंग की कार क्रमांक सीजी 05 एजे 5336 बिलाईमाता चौक के पास पहुंची और आतंक मचाना शुरु कर दिया। नशे की हालत में चालक अपनी कार को हाईस्पीड से आगे तो कभी पीछे व गोल-गोल घुमाने लगा। यह देख वहां से गुजर रहे राहगीरो में अफरातफरी मच गई। चालक ने कार को मंदिर के पास लगी नारियल दुकान में घुसा दिया। वहीं सड़क किनारे रखी एक अन्य सफेद कलर की कार व दोपहिया वाहनों को ठोकर मार दी। अनियंत्रित कार ने एक बुजुर्ग को भी चपेट में लेकर घायल कर दिया। इस घटना में नारियल दुकान, कार व दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि घटना से पहले दुकानदार नारियल दुकान को बंदकर घर चला गया था। बेलगाम कार की चपेट में आने से कई लोग बाल-बाल बचे। यह पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह कार को रोककर सिटी कोतवाली को सूचना दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और चालक प्रेम देवांगन पिता ओमप्रकाश उम्र 25 वर्ष कोष्टापारा धमतरी निवासी को उसकी कार सहित थाना लाया। चालक का डाक्टरी परीक्षण करा उसके खिलाफ धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट एवं शहर में शांति भंग करने पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस ने कार चालक को न्यायालय में पेश किया है। उक्त कार का स्वामी कैलाश बख्तानी ब्राम्हणपारा निवासी है। घटना में किसी के घायल होने की शिकायत मिलने पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।



आरोपी युवक

#### कार चालक पर कार्रवाई की गई

सिटी कोतवाली प्रभारी राजेश मरई ने मीडिया को बताया कि शनिवार की रात्रि विंध्यवासिनी मंदिर के पास कार चालक द्वारा नशे की हालत में ठेला व गाड़ियों को नुकसान पहुंचाने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचकर चालक व कार को कोतवाली लाया गया। चालक का मुलाहिजा कराया गया, जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई है। कार चालक के खिलाफ एमबी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# धान से भरा ट्रक बाईपास में पलटा

- चालक व परिचालक ने कूदकर बचाई अपनी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




बाईपास के अंडरब्रिज के ऊपर से गुजर रहा धान से लदा ट्रक टायर के फट जाने से अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में चालक व परिचालक ने ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार को ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीई 5761 राजिम से धान भरकर धमतरी की एक राइस मिल आ रहा था। ट्रक बाईपास से गुजरते हुए ग्राम मुजगहन के पास स्थित अंडरब्रिज के ऊपर से होते हुए आगे बढ़ रहा था। अंडरब्रिज को पार करने के बाद ट्रक का टायर फट गया। टायर के फट जाने से धान से लदा ट्रक बाईपास में सड़क किनारे बनी कांक्रीट की रेलिंग की तरफ पलटता चला गया। ट्रक को पलटता देख चालक व परिचालक तत्काल ट्रक से छलांग लगाकर अपनी जान बचाने में सफल हुए। वहीं ट्रक पलटते हुए बाईपास की रेलिंग पर टिक गया जिसके कारण ट्रक पूरा नहीं पलट पाया। अगर बाईपास में मजबूत कांक्रीट की रेलिंग नहीं होती तो धान की बोरियों सहित ट्रक लगभग 10 फीट नीचे सर्विस रोड पर गिर जाता। तब चालक व परिचालक का ट्रक से कूद पाना संभव नहीं हो पाता और बड़ी घटना हो सकती थी। ट्रक के आधा पलटने से उसमें भरी 50 से 70 धान की बोरियां सर्विस रोड पर गिरकर बिखर गई। इस घटना से कुछ समय के लिए बाईपास व सर्विस रोड में यातायात बाधित रहा। दूसरा ट्रक बुलाकर बिखरी बोरियों को वहां से ले जाया गया। वहीं क्रेन की मदद से पलटे ट्रक को सीधा कर मौके से हटाया गया तब जाकर बाईपास व सर्विस रोड पर यातायात बहाल हो पाया। घटना में जान-माल की हानि नहीं हुई है।

# युक्तियुक्तकरण, शांत नहीं हो रहा शिक्षकों का विरोध

- 10 जून को पोल खोल रैली निकलेगी, शाला प्रवेशोत्सव का बहिष्कार करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

युक्तियुक्तकरण को लेकर शिक्षकों का विरोध शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। जिला स्तर पर शिक्षकों ने 10 जून को पोल खोल रैली का आगाज किया है। इसके बाद 13 को यही रैली संभाग स्तर पर होगी। 16 जून को शिक्षक शाला प्रवेशोत्सव का बहिष्कार भी करेंगे।

शाला और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण में ढेरों गड़बड़ियां हैं, जिसे लेकर शिक्षकों की नाराजगी कम नहीं हो रही है। उन्होंने काउंसिलिंग का बहिष्कार करने की चेतावनी दी थी लेकिन कई कारणों से अधिकांश शिक्षकों ने काउंसिलिंग में भाग लिया। जानकारी के अनुसार करीब 80 प्रतिशत शिक्षक काउंसिलिंग में उपस्थित हुए थे। शिक्षकों ने बताया कि मजबूरी में वे काउंसिलिंग में उपस्थित हुए थे लेकिन इससे वे खुश नहीं हैं। अभी भी युक्तियुक्तकरण में काफी गड़बड़ी है। 7-8 शिक्षक ऐसे हैं, जिन्हें काउंसिलिंग में बुलाया गया था और उन्हें पुराने स्कूल में यथावत रखने का निर्णय सुनाया गया। इसके बाद फिर से उन्हें फोन करके संभाग स्तर की काउंसिलिंग में बुलाया जा रहा है। शिक्षकों ने बताया कि जब उन्हें यथावत रखना था तो काउंसिलिंग में बुलाने की जरूरत नहीं थी। अब फिर से संभाग स्तर की काउंसिलिंग में बुलाकर उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। कुछ शिक्षक ऐसे हैं, जिनके रिटायरमेंट में 15-20 दिन शेष है, उन्हें भी अतिशेष की सूची में शामिल कर काउंसिलिंग में बुलाया गया है। वरिष्ठता का भी ध्यान नहीं रखा गया है। इन सब समस्याओं को देखते हुए शिक्षकों ने आंदोलन को जारी रखने का निर्णय लिया है।

# छत से गिरकर पूर्व सरपंच की मौत

**धमतरी।** छत पर चढ़कर डीटीएच की छतरी सुधारते समय पूर्व सरपंच अचानक जमीन पर गिर गया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल पूर्व सरपंच की अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार सम्पतलाल साहू पिता अघनूराम उम्र 55 वर्ष ग्राम आगेसरा थाना रानीतराई निवासी तीन बार सरपंच रह चुका है। सम्पतलाल के दो मंजिला मकान की छत पर डीटीएच की छतरी लगी है। रविवार की सुबह टीवी चालू करने पर सिग्नल नहीं आ रहा था। यह देख पूर्व सरपंच छतरी को घुमाने छत पर चढ़ गया। सम्पतलाल छत पर लगी छतरी को हाथों से घुमा रहा था। इसी दौरान अनियंत्रित होकर छत से जमीन पर गिर गया। इस घटना में पूर्व सरपंच गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए मसीही अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान पूर्व सरपंच की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने रविवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।



- डीटीएच की छतरी सुधारने छत पर चढ़ा था

# देर रात घूम रहे पांच बदमाशों पर हुई कार्रवाई

- सुनसान इलाकों में पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पुलिस ने शहर में सघन चेकिंग अभियान चलाकर देर रात्रि अनावश्यक रूप से घूमकर शांति भंग कर रहे पांच बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

शहर में शांति व सुरक्षा बनाए रखने देर रात्रि तक घूमने वाले, नशाखोरी, अड्डेबाजी व चाकूबाजी करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ एसपी सूरजसिंह परिहार ने पुलिस को अभियान चलाकर कार्रवाई करने निर्देशित किया है। जिसके तहत कोतवाली प्रभारी ने पुलिस की अलग-अलग टीम बनाकर शहर की पेट्रोलिंग के लिए रवाना किया। टीम ने संदिग्ध स्थल मकेश्वर वार्ड, स्टेशन पारा, मकई चौपाटी, जालमपुर, बिलाईमाता मंदिर के पीछे व सुनसान जगहों का गश्त किया। इस दौरान सुनसान इलाको में अड्डेबाजी करते पाए गए लड़कों की चेकिंग कर उन्हें चेतावनी देकर वहां से खदेड़ा गया।







पेट्रोलिंग के दौरान शनिवार की रात्रि शहर में शांति भंग कर अनावश्यक रूप से घूम रहे पांच बदमाश कृष्णा नायक उर्फ बिट्टू पिता नाहर सिंग उम्र 26 वर्ष हाटकेश्वर कालोनी निवासी, चेतन नेताम पिता वीरसिंह 21 वर्ष पंचवटी कॉलोनी अटल आवास, विक्रम देवदास पिता बंशीलाल 19 वर्ष पंचवटी कॉलोनी अटल आवास, रोशनकुमार यादव पिता नारायण 18 वर्ष व जागेश्वर गौतम उर्फ बंटी पिता राजेंद्र गौतम 20 वर्ष दोनों रामसागरपारा, रिसाईपारा निवासी को पकड़कर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा के तहत कार्रवाई की गई।

#### अभियान जारी रहेगा

अभियान पर निकली पुलिस टीम ने अनावश्यक घूमने वाले, सुनसान इलाकों में जमावड़ा करने वाले, गुटबाजी करने वाले, संदिग्ध व्यक्ति व उनके वाहनों की डिक्की की चेकिंग की । वहीं धारदार हथियार लेकर घूमने वाले, देर रात्रि घूम रहे नाबालिगों की चेकिंग कर उसे नशा नहीं करने की समझाइश दी। पुलिस द्वारा चलाई जा रही पेट्रोलिंग व चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा।

### गोबर पेंट प्लांट, पोहा मिल शुरू होने से पहले बंद

# रूरल इंडस्ट्रियल पार्क अपने उद्देश्य से भटका






हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) ग्राम भटगांव अपने लक्ष्य से भटक गया है। समूह के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के लिए तत्कालीन सरकार द्वारा किया गया अभिनव प्रयास धूल खा रहा है। हाल यह है कि लाखों रूपये की लागत से बना इंडस्ट्रियल पार्क कॉम्पलेक्स बनकर रह गया है। यहां गोबर पेंट बनाने वाली मशीनें काम शुरू होने से पहले ही बंद पड़ी हैं। बेजार पड़े इस हाल को पंचायत बुनकर समिति को प्रशिक्षण के लिए किराये में दे दिया गया है। धान से पोहा, मुर्रा, बनाने के लिए कोई समूह ट्रेंड नहीं है। यह उद्योग कमरे में कैद है। खारा मिक्चर बनाने के उद्योग को निजी व्यक्ति के नाम से ठेके पर चलाया जा रहा है।

दीदी रसोई के नाम से गढ़कलेवा का संचालन करने वाली महिला माधुरी निर्मलकर कहती हैं कि शारदा महिला स्वसहायता समूह को गढ़कलेवा संचालन करने का जिम्मा मिला था। गिनती के कुछ दिन समूह ने संचालन किया लेकिन रोजी-रोटी नहीं निकलने से सामूहिक संचालन बंद हो गया। कोई बड़ा आर्डर मिलने पर समूह की महिलाओं को काम पर बुलाया जाता है।

भटगांव सरपंच फागूराम साहू ने बताया कि गांव में महिलाओं को रोजगार प्रदान करने शासन से रीपा योजना के नाम के तहत गोबर पेंट, प्लांट, पोहा मिल, मिक्चर मिल, गढ़कलेवा जैसे उद्योग लगाए गए हैं लेकिन समूह की महिलाओं को उद्योग संचालन के लिए प्रशिक्षण नहीं मिलने तथा प्रशासनिक प्रयास नहीं होने से रीपा योजना उद्देश्य से भटक गई है। शासन को इस दिशा में उचित प्रयास करना चाहिए।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### शिक्षक स्थानांतरण आदेश को शून्य करने की मांग



**धमतरी।** ग्राम पंचायत परसुली के सरपंच प्रेमू चन्द्रवंशी ने कलेक्टर को आवेदन देकर शासकीय माध्यमिक शाला परसुली के शिक्षक भारतभूषण साहू के स्थानांतरण आदेश को शून्य घोषित करने की मांग की है। उन्होंने बताया है कि शासन के युक्तियुक्तकारण के तहत शासकीय माध्यमिक शाला भिड़ावर में जाने का आदेश जारी हुआ है उसे यथावत शासकीय माध्यमिक शाला परसुली में रखा जाये ताकि यहां के बच्चों की पढ़ाई सुचारु रूप से हो सके। आगे बताया कि वर्तमान में यहां के शिक्षक परसराम ध्रुव 30 जून को सेवानिवृत हो जाएंगे। ऐसे में तीन शिक्षक ही शेष रहेंगे। इससे बच्चों की पढ़ाई बाधित होगी। उन्होंने आगे कहा कि यदि स्थानांतरण आदेश शून्य नहीं होता है तो ग्राम पंचायत शाला प्रबंधन समिति व ग्रामीण बच्चों की खातिर हक की लड़ाई लड़ने में पीछे नहीं रहेंगे।

### शराबबंदी को लेकर ग्राम स्तर पर हुई बैठक, दंड किया तय

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम कालागांव में ग्रामवासियों द्वारा संयुक्त रूप से बैठक आयोजित कर गांव में पूर्ण रूप से शराब बंदी का निर्णय लिया गया है। बैठक में 30 सदस्य निगरानी समिति का गठन किया गया है, जिसमें 15 पुरुष और 15 महिला शामिल है। गांव का प्रस्तावित नियमों का उल्लंघन करने, शराब बनाने, शराब बेचने वाले पर 10 हजार रुपए अर्थ दंड एवं शराब पीकर वाद विवाद झगड़ा लड़ाई करने वाले को 5 हजार रूपएं अर्थदंड रखा गया है। बैठक में गांव का प्रस्तावित नियमों को नहीं मानने वाले व उल्लंघन करने वाले को पुलिस एवं आबकारी विभाग को कार्रवाई के लिए अवगत कराया जाएगा।

### परिजनों ने मदद की लगाई गुहार

**अंतागढ़।** मृतक की पत्नियां अपने छोटे-छोटे बच्चो के साथ न्याय की गुहार लेकर अखिल भारतीय के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी से मुलाकात कर अपनी व्यथा से अवगत कराया कि विकासखण्ड कोयलीबेड़ा के ग्राम मरदा निवासी रामेश्वर पिता रैयसिंह नरेटी, सुरेश पिता मरदोसिह तेता, विकासखण्ड अंतागढ़ के ग्राम पैवरी निवासी अनिल पिता नोहरसिंह एक रिश्ते परिवार के लोग विकासखण्ड कोयलीबेड़ा पानीडोबीर के जंगल तेंदूपत्ता बांधने का रस्सी के लिए गए थे। जिनको पुलिस के द्वारा गोली से मार दिया गया और उनकी मौत हो गई। इस दौरान ग्राम पंचायत बदरंगी सरपंच पति संतोष शोरी, ग्राम पंचायत सिकसोड़ पूर्व सरपंच अनिल दर्रो, मुकेश ठक्कर, विश्रामसिंह गावड़े व मुकेश सलाम उपस्थित रहे।

### युवक के साथ मामूली बात को लेकर मारपीट

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत मद्रासीपारा शराब आहता में मामूली बात को लेकर आरोपी ने युवक के साथ मारपीट किया। मारपीट की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया। अंतागढ़ थाना में शिकायत करने पहुंचे वार्ड क्रमांक 9 लक्ष्मीबाई वार्ड अंतागढ़ निवासी 36 वर्षीय योगेश कुमार आतराम पिता स्व. भुवन सिंह आतराम ने पुलिस को बताया कि 18 मई को रात करीबन साढ़े 8 बजे शराब आहता मद्रासीपारा अंतागढ़ में बैठा था। तभी नयापारा अंतागढ़ निवासी राजू के पास आया और मुझे वहां से हट, वहां पर मैं बैठूंगा बोला। मैं क्यो हटूंगा बोला तो वह मुझे गाली देने गला। हाथ एवं लात से मारपीट करने लगा। मुझे बोल रहा था कि तू कहीं मिलेगा तो तुझे जान से मार दूंगा। जान से मारने की धमकी देने से मुझे बहुत डर लग रहा है। उसके मारपीट करने से मेरे पीठ में दर्द हो रहा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राजू के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### बाजारपारा के बच्चे की तालाब में डूबने से मौत

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थानांतर्गत बाजारपारा के पांच साल के बच्चे का तालाब में डूबने से मौत हो गई। बाजारपारा दुर्गूकोंदल निवासी 28 वर्षीय जागेश्वरी कोर्राम ने पुलिस को बताया कि जैनसिंग कोर्राम 7 जून को दोपहर 3 बजे डबरी के पानी में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

---

#### जागरूक नवयुवक मंच भाठागांव ने किया समर कैम्प का आयोजन

# बैडमिंटन, कबड्डी, चित्रकला, रंगोली स्पर्धा में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)





जागरूक नवयुवक मंच भाठागांव द्वारा छात्रों एवं युवाओं में नैतिकता, मानवता, सृजनशीलता एवं तार्किक सोच विकसित करने समर कैम्प का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस बैडमिंटन व कबड्डी, द्वितीय दिवस शतरंज, कैरम, स्लो साइकिल और चम्मच बांटी दौड़, तृतीय दिवस चित्रकला, रंगोली, मेहंदी, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता हुई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती पुष्पलता साहू सरपंच भाठागांव, अतिथि महेंद्र साहू अध्यक्ष नेताजी सुभाषचंद्र बोस सांस्कृतिक मंच धमतरी, लक्ष्मीनारायण धुव्र उपाध्यक्ष नेताजी सुभाषचंद्र बोस सांस्कृतिक मंच, लिखन साहू सेनि शिक्षक व सलाहकार, जितेंद्र साहू अध्यक्ष, भूपेश साहू सचिव, परमानंद साहू शिक्षक, प्रीतम साहू उपसरपंच, पोखन साहू शिक्षक, विजेंद्र चक्रधारी, रामनारायण साहू थे।

मुख्य अतिथि श्रीमती साहू ने कहा कि मैं इस समिति के समर कैम्प में पिछले 6 साल से जुड़ी हूं। यह समिति बहुत अच्छा काम कर रही है। बच्चों को शराब के नशे से दूर करने की कोशिश कर रही है। मुख्य वक्ता महेंद्र साहू ने कहा कि बच्चे लगातार मोबाइल के आदी होते जा रहे हैं। बच्चों में नैतिकता का पतन हो रहा है। आज बच्चों को लगातार एक अच्छे माहौल में ढालने की जरूरत है। समर कैंप से बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा। नेताजी सुभाषचंद्र बोस सांस्कृतिक मंच ग्राम चारमुड़िया, अटंग, सोनपुर, दरबा में समर कैंप का आयोजन कर रहा है।

समर कैम्प में जागरूक नवयुवक मंच द्वारा मुंशी प्रेमचंद की लिखित कहानी बड़े घर की बेटी का नाटक मंचन किया गया। मंच द्वारा गांव के स्कूल से 10वीं और 12वीं कक्षा में प्रथम और द्वितीय आए छात्रों का सम्मान किया गया। जितेंद्र साहू अध्यक्ष जागरूक नवयुवक मंच भाठागांव ने कहा कि गांव में एक अच्छा माहौल बनाने के लिए बच्चों को खेलकूद, फ्री इंग्लिश क्लास, महापुरुषों की जयंती एवं शहादत दिवस, मुंशी प्रेमचंद पुस्तकालय सालभर संचालित किया जाता है। समर कैंप में गांव के लगभग 300 से ज्यादा छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

मौके पर मंच के उपाध्यक्ष सोमिन साहू, कोषाध्यक्ष चंद्रभान चक्रधारी, होमेंद्र साहू, डेमन साहू, भाविका, कमलनारायन, विनय यादव, सागर साहू, लेमप्रकाश, पंकज, रोहन चक्रधारी, जितेश, जिया, प्रीत साहू, कुलदीप कंवर, रुद्रप्रताप, नीलकमल समेत अन्य मौजूद रहे।

## लव जिहाद व मतांतरण के खिलाफ आज जनजागरण रैली व सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

हिंदू समाज संघर्ष समिति द्वारा लव जिहाद और मतांतरण (धर्मांतरण) जैसे ज्वलंत मुद्दों के विरोध में 9 जून सोमवार को एक विशाल जनजागरण रैली एवं जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली बस स्टैंड कुरुद से प्रातः 10 बजे प्रारंभ होगी, जिसमें जिले भर के हिन्दू समाज के विभिन्न संगठन, सामाजिक संगठन एकत्र होकर इन कृत्यों को रोकने हेतु शासन से कठोर नियम बनाने की मांग करेंगे। जिला साहू संघ के अध्यक्ष अवनेन्द्र साहू ने बताया कि यह आंदोलन किसी जाति विशेष का नहीं, बल्कि सम्पूर्ण हिन्दू समाज का है। सभी की अस्मिता और भविष्य की सुरक्षा का प्रश्न है। सुनियोजित षड्यंत्र के तहत लव जिहाद एवं मतांतरण को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो हमें स्वीकार्य नहीं है। विश्व हिंदू परिषद के जिला महामंत्री रामचंद देवांगन ने बताया कि लव जिहाद हिंदू बहन-बेटियों को सुनियोजित तरीके से बर्बाद करने और हिंदू समाज की जड़ों को काटने की साजिश है। बिलासपुर शहर के अंदर सरकारी मकान में बनाए गए मदरसे से 400 लड़कियों की फोटो पर क्रॉस लगा हुआ पाया गया जो इस बात को प्रमाणित करता है कि हिंदू परिवार की बेटियों के खिलाफ एक भयंकर षड्यंत्र हो रहा है। स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह धनेश्वर निर्मलकर ने कहा कि समाज आगे बढ़कर लव जिहाद, मतांतरण जैसी साजिश से अपने परिवारों को बचाएं और इस दिशा में सामाजिक संगठनों की यह पहल अग्रणी है। सर्व हिंदू समाज से पूरे परिवार सहित अधिक संख्या में सहभागिता प्रदान करने की अपील की है।

## आंगनबाड़ी एवं स्कूल परिसर में रोपे पौधे




हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम गीतकारमुड़ा (भोथली) में एक पेड़ मां के नाम पर आंगनबाड़ी एवं स्कूल परिसर पर पौधरोपण किया गया। इस कार्य में सरपंच अमरसिंह शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व ग्रामीणों का सहयोग रहा। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधों से सिर्फ फल ही नहीं मिलता बल्कि जीवन जीने के लिए शुद्ध हवा भी मिलती है। बरसात भी पेड़ पौधों पर निर्भर करती है। मौके पर शिक्षक एसबी मिर्जा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चित्ररेखा साहू, सहायिका लालिमा साहू, सरपंच अमरसिंह, पीलाराम, रतनीबाई, सुखबती, कौशिल्या उपस्थित थे।

## कला, संस्कृति और सौहार्द्र का दिखा अद्भुत संगम



श्री कृष्ण संगीत महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव पुराना जनपद भवन में मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

श्री कृष्ण संगीत महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह पुराना जनपद भवन कचहरी चौक में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। मुख्य अतिथि श्री रोहरा ने अपने संबोधन में कहा कि

संगीत आत्मा की भाषा है, जो मनुष्य को संवेदनशीलता, सौंदर्यबोध एवं सामाजिक समरसता की ओर प्रेरित करता है। श्री कृष्ण संगीत महाविद्यालय का यह वार्षिक आयोजन न केवल सांस्कृतिक चेतना को प्रोत्साहित करता है, बल्कि नवांकुर प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर समाज को समृद्ध बनाता है। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत शास्त्रीय गायन, वादन, नृत्य और लोकसंगीत की विविध रंगारंग प्रस्तुतियां दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गईं। पारंपरिक छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य से लेकर भारतीय शास्त्रीय रागों तक की प्रस्तुति ने सभागार को तालियों की गूंज से भर दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार का कार्यक्रम छात्र - छात्राओं के आत्मविश्वास व रचनात्मकता को नई दिशा देता है। इस अवसर पर नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षाविद्, कलाकार, अभिभावक एवं संगीतप्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## यशवंतराव मेघावाले कालेज में लगाए पौधे

**मगरलोड।** यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम 2.0 की संकल्पना को ध्यान में रखते हुए आम, नींबू, सीताफल, बेल, नीम के पौधों का रोपण किया गया। मौके पर प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक कौसलेश कुमार ध्रुव, निरूपा साहू, डॉ रमा चंद्राकर, ऑफिस कर्मचारी योगेंद्र साहू, तेजराम सिन्हा, पीयूष वाही, श्रीमती हुलासनी कश्यप एवं स्वयंसेवक याचना हिना, हिमांशी, यशोदा, नेहा, झरना, दामिनी, भीषम, ताम्रध्वज उपस्थित थे।

## सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ का हुआ स्वागत

- पूजा-अर्चना कर रथ को दूसरे ब्लॉक के लिए किया गया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ ग्राम सांकरा पहुंचा। ग्रामीणों ने महा मंगल आरती की। इस दौरान लगभग 100 साईं भक्त उपस्थित रहे। रथ ग्राम सांकरा, भैंसासांकरा, फरसियां, गोरेगांव, अमली, छिपली होते हुए नगरी पहुंचा।

ग्राम गोरेगांव में स्वामी को मध्यान्ह भोग अर्पित कर 75 लोगों की नारायण सेवा की गई। सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ शाम 4.30 बजे नगरी पहुंचा जहां नगरवासियों ने पूरे आत्मीयता से रथ में सवार आराध्य देव श्री सत्य साईं बाबा का स्वागत किया। शाम 5.30 बजे ग्राम नगरी में शोभायात्रा निकाली गई। साईं मंदिर नगरी में 7 बजे से 8 बजे तक भजन और सत्संग हुआ। इसमें लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। शनिवार को सुबह नगर के प्रेम लॉज में प्रेम प्रवाहिनी रथ के साईं बाबा की पूजा अर्चना कर रथ को दूसरे ब्लाक के लिए रवाना किया गया।

मौके पर साईं समिति के अध्यक्ष डॉ रूपनारायण पचौरी, राम राव, अमोल सिन्हा, मिश्रीलाल जैन, अनिल वाधवानी, रोहित कुमार, लीला बाई, पिंकी ध्रुव, चन्द्रकांत पाडे उपाध्यक्ष, कला बाई साहू, उर्मिला बाई, राजू, गोवर्धन साहू, अशोककुमार साहू, हेमंत, मीराबाई समेत अन्य भक्त मौजूद थे।

## निरंतर प्रयास से निखरती है प्रतिभा

- मुजगहन में एथलेटिक्स एवं वेटलिफ्टिंग का नि:शुल्क प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





ग्रीष्मकालीन निःशुल्क खेल प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ी निरंतर एथलेटिक्स एवं वेटलिफ्टिंग का अभ्यास कर रहे हैं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से खेल को बढ़ावा देने के लिए एक माह का ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खेल प्रशिक्षक राजकुमार सिन्हा ने कहा कि लगातार प्रयास सफलता दिलाता है। वर्तमान समय में खेल के अनेक अवसर मिल रहे हैं।

जिला एथलेटिक्स संघ की अध्यक्ष श्रीमती रितिका यादव ने कहा कि विद्यार्थी अनावश्यक समय व्यतीत करने की बजाय खेल का हिस्सा बन सकते हैं। अपने खाली समय में विधिवत खेल से जुड़ जाए इससे आलस्य दूर होगा और विद्यार्थी अनुशासित होंगे। मुजगहन सरपंच होमेश्वर यादव ने कहा कि आज के युवाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रतिजागरूक रहना चाहिए इनके लिए खेल एक सशक्त माध्यम है।

विद्यालय के प्राचार्य नवीन साहू ने कहा कि खेल विधा से जुड़ना अपनी लंबी आयु की ओर जाना है। संकुल समन्वयक दिनेश अग्रवाल ने कहा कि खेल की भावना एक बीज की भांति होती है जो सशक्त रूप से माध्यमिक कक्षाओं से प्रारंभ हो जानी चाहिए। प्रधानपाठिका श्रीमती गोदावरी गजेंद्र ने कहा कि वर्तमान में बच्चे मोबाइल के कारण अपने मूल विद्यार्थी जीवन से भटक रहे हैं। मौके पर शाला विकास समिति अध्यक्ष ओमेश यादव, जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल, जिपं सदस्य श्रीमती भुवनेश्वरी साहू समेत अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

## समाज की एकजुटता पर दिया जोर




- छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज की जिलास्तरीय बैठक हुई
- रोहित युवा प्रकोष्ठ व खिलेश्वरी महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष चुने गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज की जिला स्तरीय बैठक आमातालाब स्थित सर्व यादव समाज भवन में जिला अध्यक्ष जोहनसिंह यादव के नेतृत्व में हुई। रामकुमार यादव ने सभा का संचालन करते हुए निर्धारित विषयों का पठन किया। गीता जयंती समारोह कार्यक्रम वर्ष में अलग-अलग स्थान में न कर किसी एक ब्लाक के निर्धारित स्थान पर रखने एवं प्रत्येक घर से 200 रु. देने के प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए जिला अध्यक्ष ने उक्त प्रस्ताव को सहमति प्रदान करने का अनुरोध किया। बलराम यादव, सोहनलाल यादव, नारायण सिंह, नारायण यादव, प्रभुलाल यादव, चंद्रभान यादव, नेतुराम यादव ने सामाजिक संगठन की एकजुटता पर जोर दिया।

धमतरी ब्लाक से ग्रामीण अध्यक्ष बलराम यादव शकरवारा, नगरी ब्लाक से अध्यक्ष दीनदयाल यादव, मधुबन परिक्षेत्र से रविकुमार यादव, धमतरी नगर इकाई से अध्यक्ष रामेश्वर यादव ने सहमति प्रदान किया। इसके बाद जिला स्तरीय युवा एवं महिला प्रकोष्ठ पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रोहित यादव कांशीपुरी, उपाध्यक्ष रोशन यादव ग्राम सारंगपुरी, सचिव हेमलाल यादव दर्री, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र यादव भैंसमुंडी मधुबन परिक्षेत्र से बने। महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष खिलेश्वरी यादव पीपरछेड़ी, उपाध्यक्ष सरोज यादव कांशीपुरी, सचिव गायत्री यादव भानपुरी, कोषाध्यक्ष संतोषी यादव धमतरी बनाई गई। बैठक में जोहनसिहं यादव, नारायण यादव, बलराम यादव, प्रभुलाल यादव, सोहन यादव, रामकुमार यादव, पवन यादव, चंद्रभान यादव, दीनदयाल यादव , बंशीलाल यादव, भरतलाल यादव, नरेन्द्र यादव समेत अनेक सामाजिकजन उपस्थित थे। यह जानकारी तुलसीराम यादव ने दी है।

## सांकरा में युवा चला रहे सफाई अभियान

**नगरी।** ग्राम सांकरा के युवाओं ने ग्रामीण विकास संघ सांकरा का निर्माण किया। ग्राम सांकरा की इष्ट देवी माई दंतेश्वरी प्रांगण की सफाई करने बाद निर्मला घाट की साफ-सफाई की। निर्मला घाट को एक सुंदर पहचान दी। युवाओं ने बताया कि इस कार्य में अरुण सार्वा जिला पंचायत अध्यक्ष का मार्गदर्शन मिल रहा है। प्रवीण साहू ने कहा कि गांव के अच्छे कार्य में अपनी सहभागिता देंगे।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरूद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### आमागुहान के मेला में देवी देवता हुए शामिल

**दुर्गूकोंदल।** बस्तर अंचल में मेला मड़ई का विशेष महत्व होता है। सभी हर्षोल्लास के साथ मेला मड़ई को धुमधाम से मनाते है। विकासखंड दुर्गूकोंदल के इस सीजन का अंतिम मेला ग्राम आमागुहान में शनिवार को आयोजित हुआ, जिसमें हजारों कि संख्या में भीड़ देखने को मिली। आसपास के देवी देवता और ग्रामीण देवी देवताओं की परिक्रमा के साथ मेले का शुभारम्भ किया गया।

### अज्ञात कारणों से युवक की हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत मैनपुर निवासी 31 वर्षीय मनोज नेताम का इलाज के दौरान 26 मार्च को सुबह सवा 11 बजे जिला अस्पताल कांकेर में मौत हो गई। थाना कांकेर में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी कोरर थाना ले जाने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### उड़कुड़ा निवासी अधेड़ की हुई मौत, जांच जारी

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत उड़कुड़ा निवासी 45 वर्षीय सुरेंद्र कुमार नेताम का स्वास्थ खराब होने के कारण जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया। इलाज के दौरान 11 मार्च को दोपहर साढ़े 3 बजे उसकी मौत हो गई। थाना कांकेर से मर्ग डायरी चारामा थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### मोदी सरकार के 11 वर्ष कार्यकाल को पूर्ण होने पर 9 से प्रदेशब्यापी कार्यक्रम

**भानुप्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश के आव्हान पर केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष कार्यकाल को पूर्ण होने पर 9 जून से भाजपा प्रदेशब्यापी कार्यक्रम आयोजित करेगी, जिसमें 9 से 21 जून तक संकल्प से सिद्धि अभियान की शुरुआत किया जाएगा। 15 से 17 जून तक कल्प सिद्धि अभियान शक्ति केद्रों में जनचौपाल लगेंगे।
जिला भाजपा प्रतिनिधि एवं पूर्व भाजपा मंडल नरोत्तम सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार अपने कार्यकाल के 11 साल पूरे कर चुकी है। पीएम मोदी के कार्यकाल में महिलाओं के लिए चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं से महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। हमारी नारी शक्ति की सफलताएं देशवासियों को गौरवान्वित करने वाली है। पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से उनके 11 वर्षों के कार्यकाल में महिलाओं के लिए चलाई जा रही कई जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जैसे उजाला योजना के तहत लाखों महिलाओं को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन मिले हैं, जिनसे उनका सेहत और जीवन शैली में सुधार हुआ है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ बालिकाओं को शिक्षा में ध्यान दिया गया है। पुरुष और महिलाओं में समानता का अधिकार दिया गया है।

**अव्यवस्था : सरोना स्वास्थ्य केंद्र में बदहाली**

# स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए बनाए गए भवन हुए जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

- मरम्मत के नाम पर घोर लापरवाही, जिम्मेदार चुप्पी साधे बैठे



जिले के सरोना स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों एक गंभीर प्रशासनिक लापरवाही का प्रतीक बन चुका है। स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में मौजूद आवासीय भवन, जो स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के लिए वर्षों पहले लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाया गया था। यह अब अपने खंडहर रूप में भयावह खतरे की घंटी बजा रहा है। दुर्भाग्यजनक यह है कि इस स्थिति से सभी वाकिफ हैं फिर भी जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि लगातार चुप्पी साधे हुए हैं। विकासखण्ड नरहरपुर के सरोना स्वास्थ्य केंद्र भवन की दीवारों में बड़ी दरारें, टूटती छतें, बरसात में टपकता पानी और हर वक्त दुर्घटना की आशंका यही है। उस भवन की वर्तमान तस्वीर जहाँ स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी रातें गुजारने को मजबूर हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या यह वही स्वास्थ्य ढांचा है, जिसकी मजबूती की बात सरकार हर मंच पर करती है। स्वास्थ्य कर्मचारियों का कहना है कि भवन की हालत पिछले कई वर्षों से लगातार बिगड़ रही है, लेकिन किसी भी स्तर पर कोई कारगर कदम नहीं उठाया गया। कई बार विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन दिया गया एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सूचना दी गई, लेकिन नतीजा सिर्फ आश्वासन तक ही सीमित रहा। सूत्रों की मानें तो भवन की मरम्मत के लिए प्रस्ताव फाइलों में जरूर घूमा, लेकिन न तो कोई तकनीकी सर्वे हुआ और न ही कोई कार्य आरंभ हुआ। कुछ जगहों पर सिर्फ दिखावे के लिए सफेदी या छोटे-मोटे प्लास्टर किए गए, जो बारिश की पहली फुहार में ही बह गए। यह सब एक गहरी प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। स्थानीय जनप्रतिनिधि चाहे वह पंचायत प्रतिनिधि हों, जनपद सदस्य हों या जिला स्तरीय प्रतिनिधि सभी को इस समस्या की जानकारी है। फिर भी इस मुद्दे पर कोई सार्वजनिक वक्तव्य, कार्रवाई की मांग या ठोस पहल सामने नहीं आई। आम जनता सवाल पूछ रही है: जब स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं, तो आम जनता की सेहत की रक्षा कैसे सुनिश्चित की जा सकती है। इस मुद्दे को लेकर अब स्थानीय नागरिक भी सोशल मीडिया पर मुखर होने लगे हैं, जिसमें स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग और क्षेत्रीय विधायकों को टैग करके जवाबदेही तय करने की मांग की जा रही है।

### सरकार से किया अपील प्राथमिकता माना जाए

स्वास्थ्य कर्मी किसी भी व्यवस्था की रीढ़ होते हैं। उनका सुरक्षित रहना एक व्यवस्था की न्यूनतम जिम्मेदारी होनी चाहिए। सरोना जैसे ग्रामीण इलाकों में डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य स्टाफ की उपस्थिति पहले से ही चुनौतीपूर्ण हैं। ऊपर से यदि उन्हें रहने के लिए भी सुरक्षित जगह न मिले तो यह एक बहुत बड़ी प्रशासनिक विफलता है।

## सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

छत्तीसगढ़ सर्व पिछड़ा वर्ग समाज जिला कांकेर की बैठक मंडी प्रांगण कोरर में हुई। जिसमें जिले में पिछड़ा वर्ग के जन प्रतिनिधियों व मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह रखा गया था। इसके संबंध में आय-व्यय की समीक्षा भी की गई। आयोजित बैठक में भारत सरकार द्वारा जातिगत जनगणना करने जाने का स्वागत किया गया।

राज्यपाल द्वारा विधानसभा चुनाव के पूर्व पिछड़ा वर्ग के 27 प्रतिशत आरक्षण को राज्य सरकार द्वारा जल्द से जल्द विधानसभा में लाकर आरक्षण लागू करना चाहिए। छत्तीसगढ़ प्रदेश के पंचायत चुनाव में 85 विकासखंड, 16 जिलों में पिछड़ा वर्ग आरक्षण को समाप्त किया गया। इस संबंध में राज्य सरकार को जल्द से जल्द विधानसभा बुलाकर ग्राम पंचायत को इकाई मानकर 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करना चाहिए। वर्तमान में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास में जो राशि दिया जा रहा है, उसको वृद्धि कर 3 लाख रुपया करना चाहिए। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बस्तर संभाग के पिछड़ा वर्ग को लगातार उपेक्षित कर निगम आयोग मंडल में स्थान नहीं दिया गया है, इस संबंध में निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। निगम आयोग मंडल में पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया तो आंदोलन किया जाएगा। समस्त जिलों में पिछड़ा वर्ग के बच्चों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रावास की स्थापना होना चाहिए। इसके साथ ही कांकेर जिले के समस्त विकास खंड में ब्लॉक अध्यक्षों का चुनाव ग्रामीण अध्यक्षों का चुनाव करवाने के लिए जल्द से जल्द प्रभारी नियुक्त कर चुनाव किये जाने की सहमति बनी।

बैठक में जगन्नाथ साहू, लक्ष्मीकांत साहू, माधेश्वर जैन, दशरत साहू, हरीश चंद निषाद, अशोक यादव, नंदा गोसाई, हेमंत यादव, अनिता सोनी, राजकुमार साहू, धनेश यादव, वेदप्रकाश सिन्हा, रामेश्वर जैन, अलीत सिन्हा, दुर्गा प्रसाद जैन, बिरसू राम उइके, चरण सिंग उइके, राजूराम उइके, रोशन साहू, अरुण ताम्रकार, गोविंद निषाद, अलक राम सिन्हा, लक्ष्मीनाथ प्रधान आदि उपस्थित रहे।

## मजदूर से चखना जल्दी देने की बात को लेकर की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




- गंभीर रुप से घायल मजदूर हायर सेंटर रिफर

चारामा के शराब दुकान के पास लगे चखना दुकान में काम करने वाले मजदूर के साथ शराबी ने बेदम मारपीट किया। आरोपी चखना लेने के लिए दुकान पहुंचा था। दुकान से सामान मांगा और जल्दी समान दो कहते हुए दुकान में काम करने वाले मजदूर के साथ मारपीट किया। मारपीट से मजदूर को गंभीर चोटें आईं हैं। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रिफर किया गया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे मचांदुर निवासी 21 वर्षीय महेश्वर निषाद पिता भादूराम निषाद ने पुलिस को बताया कि मेरे पिता भादूराम निषाद चारामा के शराब भट्टी के पास लगने वाले चखना दुकान में मजदूरी का काम करते हैं। 7 जून को पिता रोज कि तरह अपने काम पर चारामा चखना दुकान में गए थे। रात करीबन पौने 8 बजे मुझे फोन के माध्यम से जानकारी मिला की मेरे पिता को दुकान में काम करने के समय वाद विवाद होने से एक व्यक्ति के द्वारा चखना दुकान में रखे लोहे की चम्मच से सिर पर दो से तीन बार मारा है। तुम्हारे पिता के सिर में चोटें आईं है, खून निकल रहा है। इलाज के लिए चारामा अस्पातल ले कर गए है। पिता के साथ हुई घटना की खबर सुनकर अस्पताल जाकर आकर देखा तो पिता भादूराम निषाद का इलाज चल रहा था। सिर में चोट लगी थी, खून बह रहा था। चोट गंभीर होने के बाद चारामा अस्पताल के चिकित्सकों ने पिता को हायर सेंटर रिफर किया। घटना के बारे में पता करने के लिए चखना दुकान के मालिक रोशन देवांगन से पूछताछ किया। तब उन्होंने बताया कि भादूराम निषाद दुकान पर काम कर रहा था, शाम साढ़े 7 बजें शराब के नशे में कृष्णा कश्यप नाम का व्यक्ति दुकान पर आकर भादूराम को गाली देते हुए चखना जल्दी दो कहने लगा। भादूराम के द्वारा कहा गया की दे रहा हूं गाली गलौज क्यों कर रहे हो। उसी बात पर नाराज होकर कृष्णा कश्यप के द्वारा दुकान में रखे लोहे के चम्मच से भादूराम को सिर पर दो से तीन बार मारा।और तू अगर ज्यादा बात करेगा तो जान से मार दूंगा कि धमकी बार बार दे रहा था। आसपास मौजूद लोगों ने मारपीट को देख बीचबचाव किया। अगर बचाव नहीं किया जाता तो निश्चित ही अप्रिय घटना हो जाती। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कृष्णा कश्यप के खिलाफ 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

## बाइक चालक ने की एक्सीडेंट करने की शिकायत, दूसरे पक्ष ने मारपीट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



राष्ट्रीय राजमार्ग 30 लखनपुरी के पास बाइक और आटो के बीच टक्कर होने से बाइक में सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। बाइक चालक ने एक्सीडेंट की शिकायत थाना में किया। वही दूसरे ओर से अन्य वाहन मालिक ने बाइक में सवार लोगो के खिलाफ एक्सीडेंट की बात को लेकर मारपीट करने का शिकायत दर्ज कराया।

गौरगांव निवासी चंद्रहास भास्कर ने पुलिस को बताया कि माशा हरनपुरी में शिक्षक के पद पर पदस्थ हूं और 7 जून को अपने साथी कने सिंह निषाद के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीजी 9722 में सवार होकर सप्ताहिक बाजार लखनपुरी जा रहा था। मेरा साथी पीछे बैठा था और बाइक को स्वयं चला रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 लखनपुरी डिवायडर के पास पहुचे थे कि शाम करीबन सवा 4 बजे हमारे पीछे से आ रही आटो वाहन क्रमांक सीजी 19 बीयू 8250 के चालक द्वारा अपनी वाहन को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए हमारी मोटर सायकल से आगे ले जाकर अचानक सामने से मोड़कर हमारी मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से हम लोग मोटर सायकल सहित रोड में गिर गए। गिरने से मुझे बांए हाथ की कोहनी व मेरे दोस्त के दोनों पैर में चोटे आई और मोटर सायकल क्षतिग्रस्त हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीयू 8250 के चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। शांतिनगर लखनपुरी निवासी 32 वर्षीय प्रशांत गोलधर पिता ललित गोलधर ने पुलिस को बताया कि 7 जून को मै अपने रूम लखनपुरी में था। शाम करीबन साढ़े 4 बजें मेरा भाई जयंत गोलधर मिष्ठान भण्डार लखनपुरी में बैठता है, उसने फोन करके बताया की मेरे दुकान के आगे मेरे आटो का एक्सीडेंट हुआ है।

जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचा तब मेरे भाई ने बताया की मेरे आटो से दो लोग एक्सीडेंट हुआ है, जिसे आकर देखा उसके बाद मै मोटर सायकल में घायल कनेसिंग को उसे लेकर सूर्या मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल चारामा आया। अस्पताल पहुंचा था की मेरे भाई मुझे फोन किया की मेरे साथ मारपीट कर रहे है। उसके बाद लखनपुरी जाकर पहुंचकर देखा तो मेरे भाई दर्द से रो रहा था और उसके चेहरे में सूजन था, जिसे पूछने पर बताया की आरोपी बाइक चालक ने कहा कि तुम्हारे आटो से एक्सीडेंट किए हैं। एक्सीडेंट करने वाले को छुपाकर रखे हो बोलकर चन्द्रहास भास्कर एवं उसके साथी गाली देते हुए हाथ मुक्का एवं लात से मेरे सिर एवं चेहरे पर ताबड़ तोड़ मारपीट किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चन्द्रहास भास्कर एवं अन्य के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

## पुना पर्रियान और मावा मोदोल कोचिंग सेंटर का सीईओ ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- सेना अग्निवीर, जल, थल एवं वायुसेना, पुलिस आरक्षक जैसी सेवाओं में भर्ती के लिए करा रहे तैयारी

जिला प्रशासन द्वारा संचालित पुना पर्रियान नई उड़ान योजना के अंतर्गत युवाओं को सेना अग्निवीर, जल, थल एवं वायुसेना, पुलिस आरक्षक, एसआई एवं वनरक्षक जैसी सेवाओं में भर्ती के लिए निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है। इस योजना के क्रियान्वयन और निर्माण कार्यों की प्रगति का औचक निरीक्षण जिला पंचायत कांकेर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोचिंग सेंटर में आवास, भोजन, सुरक्षा और अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने। मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने मावा मोदोल योजना के तहत संचालित निःशुल्क कोचिंग संस्थान का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई और तैयारी की प्रगति पर चर्चा की, फीडबैक लिया और छात्रों द्वारा बनाए गए नोट्स तथा कोर्स की जानकारी का अवलोकन किया। शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए गए एवं विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण कर समर्पण के साथ पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। सीईओ ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार मेहनत, धैर्य और लगन से किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने विशेष रूप से सीजीपीएससी जैसी परीक्षाओं के लिए मेंस और प्रिलिम्स दोनों स्तर की तैयारी के लिए योजनाबद्ध ढंग से अध्ययन करने पर बल दिया। उन्होंने जून से सितंबर तक विषयवार कार्ययोजना तैयार करने और छात्रों की योग्यता के अनुसार कोर्स मॉड्यूल तय करने के निर्देश दिए और साथ ही आगामी सप्ताह में करियर काउंसलिंग सेमिनार, ग्रुप डिस्कशन, पर्सनालिटी डेवलपमेंट क्लासेस, और लाइब्रेरी में चयनित लेखकों की पुस्तकें उपलब्ध कराने की भी योजना बनाई गई है।

### गांव-स्तर पर होगी प्रतिभाओं की पहचान

जिला प्रशासन की अभिनव पहल मावा मोदोल मंथन के तहत प्रत्येक गांव में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं की पहचान की जाएगी। इसके लिए स्नातक कर चुके युवाओं का चयन कर ग्राम पंचायत स्तर पर सूची तैयार की जाएगी। चयनित छात्रों के लिए मोटिवेशनल क्लासेस, स्क्रीनिंग टेस्ट और ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से उन्हें रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को सही दिशा देकर उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं और रोजगार के लिए सक्षम बनाना है, ताकि वे भटकाव से बचकर अपने भविष्य को सशक्त बना सकें।

## मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का अमृतकाल जनजागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

- नरहरपुर मंडल में कार्यशाला



केंद्र सरकार के 11 सफल वर्षों की उपलब्धियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विकसित राष्ट्र की दिशा में ले जाने के संकल्प के तहत भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में विकसित भारत का अमृतकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में भाजपा मंडल नरहरपुर द्वारा एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसने क्षेत्रीय राजनीति और संगठनात्मक सक्रियता को नया बल दिया। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा मंडल नरहरपुर के अध्यक्ष संतोष भास्कर ने अपने वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हुए ऐतिहासिक कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक राजनीतिक उपलब्धि नहीं बल्कि /"नए भारत के निर्माण की दिशा में निर्णायक दशक/" की शुरुआत है।

कार्यशाला में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। भाजपा सरकार द्वारा गरीबों, महिलाओं, किसानों और युवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने यह भी कहा कि सेवा और सुशासन भाजपा की पहचान हैं और 11 वर्षों की यह यात्रा देश की जनता के विश्वास का प्रमाण है। इस कार्यशाला के दौरान वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे सरकार की उपलब्धियों को गांव-गांव, घर-घर तक पहुँचाएं, ताकि प्रत्येक नागरिक को यह जानकारी मिले कि सरकार उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए किस प्रकार सतत प्रयत्नशील है। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं का जोश और उत्साह देखते ही बनता था। कार्यक्रम का संचालन बेहद अनुशासित एवं प्रेरक वातावरण में संपन्न हुआ, जहाँ हर कार्यकर्ता ने खुद को सेवा भाव और राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रतिबद्ध करने का संकल्प लिया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश संचेती, मंडल महामंत्री लक्ष्मी नारायण साहू, मंडल उपाध्यक्ष हेमंत कौशिक, धनेश कौशिक, अघन मरकाम, आशा रावटे मंत्री, कोमल नेवला, मीना मरकाम, हेमलता कटबेर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय जुरी तथा कोषाध्यक्ष हेमंत साहू नरोत्तम सिन्हा, निरंजन सिन्हा सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**अंडर 15 बालक-बालिका में प्रथम आने वाले पहलवान नेशनल प्रतियोगिता के लिए चयनित**

# राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में पहलवानों ने दिखाए दांवपेंच





हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

रविवार को इंडोर स्टेडियम आमातालाब में जिला कुश्ती संघ एवं क्रीड़ा भारती के संयुक्त तत्वावधान में राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के 60 प्रतिभागी शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में चयनित बालक एवं बालिका नागपुर में आयोजित नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता में छग का प्रतिनिधित्व करेंगे।

संघ के सचिव विजय यादव ने बताया कि रविवार को इंडोर स्टेडियम में अंडर 15 बालक-बालिका कुश्ती प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में 39 किग्रा वेट में प्रथम तमन्ना यादव धमतरी, 42 किग्रा में सुभद्रा यादव बिलासपुर, 46 किग्रा में रूचि साहू धमतरी, 50 किलो में खुशी साहू धमतरी, 54 किलो में उर्वशी साहू दुर्ग, 58 किलो में वेदान्ती ठाकुर रायपुर प्रथम स्थान प्राप्त कर नेशनल कुश्ती के लिए चयनित हुई हैं। इसी तरह बालक वर्ग में 38 किलो ग्राम में प्रशांत भोयर, 41 किग्रा में विनय यादव धमतरी, 44 किग्रा में कृष्णकांत यादव बिलासपुर, 48 किग्रा में उदय सोनकर धमतरी, 52 किग्रा में अमन यादव धमतरी, 57 किग्रा में अंकित सोनकर धमतरी, 62 किग्रा में उमंग भारती रायगढ़, 68 किग्रा में अंकित नेताम दंतेवाड़ा, 75 किग्रा में अनमोल रायपुर, 85 किग्रा में बोनेश साहू धमतरी ने बाजी मारी है।

ग्रीको रोमन प्रतियोगिता के लिए निखिल सूर्यवंशी बिलासपुर 38 किलो, शुभम यादव रायपुर 41 किलो, कुलदीप धमतरी 44 किग्रा, शुभम धीवर बालोद 48 किग्रा, अमन ठाकुर रायगढ़ 52 किग्रा, आर्यन निशांत धमतरी 57 किग्रा, सोमिया राव धमतरी 67 किग्रा में प्रथम स्थान प्राप्त कर नेशनल के लिए चयनित हुए हैं। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा, प्रदेश कुश्ती संघ अध्यक्ष जन्नाथ यादव, जिला कुश्ती संघ अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, चन्द्रशेखर चौबे, श्री थिटे, पार्षद हिमानी साहू, विजय यादव, राजू सोनकर, कैलाश यादव सहित संघ के पदाधिकारी थे। अतिथियों ने विजेता पहलवानों को प्रशस्ति पत्र तथा मेडल प्रदान कर सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### गंगरेल बांध के बीच 12 हेक्टेयर क्षेत्रफल में स्थित है ठेमली द्वीप

# ठेमली आइलैण्ड को पक्षी अभ्यारण्य बनाने का प्रपोजल


धमतरी। गंगरेल बांध में बोटिंग करते पर्यटक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गंगरेल में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं हैं। इसे राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर का पर्यटन बनाने जिला प्रशासन ने व्यापक रूपरेखा तैयार की है। हालांकि गंगरेल सहित जिले का प्रमुख पांच पर्यटन स्थल को विकसित किया जाना है जिसका प्रपोजल जिला प्रशासन ने टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष को सौंपा है। टूरिज्म बोर्ड की समीक्षा बैठक में जिले के पांच प्रमुख स्थलों को विकसित करने पर चर्चा हुई। जिसमें सिहावा की सप्तऋषि दर्शन योजना, एशिया का एकमात्र सायफन सिस्टम वाला बांध माड़मसिल्ली, नरहरा जलप्रपात, जबर्रा हिल्स तथा गंगरेल पर्यटन प्रमुख है। गंगरेल को राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर का पर्यटन बनाने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने गंगरेल बांध स्थित ठेमली आइलैंड को विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि गंगरेल बांध के बीच चारों तरफ से घिरा ठेमली आइलैंड है। इसका क्षेत्रफल 12 हेक्टेयर है। यहां ठंड और गर्मी के मौसम में विभिन्न प्रजातियों के प्रवासी पक्षी पहुंचते हैं। इसका विकास पक्षी अभ्यारण्य के रूप में किया जा सकता है। इसके अलावा समिति के सदस्यों ने गंगरेल कारिडोर बनाने पर जोर दिया। पूर्व विधायक रंजना साहू ने गंगरेल बांध के दूसरे छोर वाले गार्डन का अस्तित्व समाप्त होने पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से बांध पर पर्यटकों का प्रवेश बंद है तो वहां लक्ष्मण झूला बनाने के सुझाव दिए। वहीं अन्य सदस्यों ने गंगरेल कारिडोर बनाने का सुझाव देते हुए गंगरेल बांध, मिनी गोवा, मां अंगारमोती माता मंदिर होते हुए विश्रामपुर स्थित रामटेकरी, ओन्हाकोन्हा, राजाराव पठार से खारून नदी उदगम स्थल कंकालिन मंदिर तक विकसित करने का तर्क रखा।

**सप्तऋषि दर्शन योजना का मिलेगा लाभ**

नगरी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं पर्यटन समिति के सदस्यों ने सप्तऋषि दर्शन टूरिज्म योजना पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि श्रृंगी ऋषि सिहावा पर्वत हिन्दू धर्म के पवित्र ग्रंथ रामायण से जुड़ा है। रामगमन वन क्षेत्र में आता है। सातों ऋषियों का अलग-अलग पर्वत है। जिसे विकसित कर सप्तऋषि दर्शन योजना से यहां देशभर से टूरिस्ट आने लगेंगे।

# सेजेस हटकेशर में एक पेड़ मां के नाम पर रोपे पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम शाउमा उत्कृष्ट विद्यालय हटकेशर में विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य राजकुमार शर्मा एवं पालकगण सत्या देवांगन, साजना लहरे ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

मौके पर शिक्षकगण योगिता कंवर रेंजर लीडर, घनश्याम साहू, ओमप्रकाश नाग, देवशंकर देव, खिलेंद्र साहू, भुवनेश्वर प्रसाद साहू, रामानंद साहू, लीना भारती सिन्हा, आराधना साहू, शशिप्रभा सोनवानी, सविता साहू व विद्यार्थीगण हर्ष कुमार, आदित्य, विनय, भूमिका देवांगन, भूमिका पटेल, नेहा, दिव्या लहरे, दिव्या मंडावी, खनक सिन्हा, डिगेश कुमार उपस्थित थे।

# अगर बाजार सड़क से नहीं हटा तो हम सड़क पर डटेंगे : प्रीतम





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पूर्व महामंत्री भाजपा प्रीतम साहू ने कहा कि ग्राम छाती के बस्तीपारा में सौ वर्ष से प्रत्येक रविवार को हाट बाजार लगता आ रहा था लेकिन कुछ वर्ष से इस बाजार को मूल स्थान से हटाकर प्रमुख मार्ग पर लगाया जा रहा है जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। नतीजन कई बार एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, डिलीवरी वाहन, शव वाहन एवं निजी वाहन जाम में फंस चुके हैं, लेकिन मौखिक एवं लिखित रूप से पंचायत से प्रशासनिक स्तर पर निवेदन करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। श्री साहू ने कहा कि अगर बाजार को सड़क से नहीं हटाया तो हम सड़क पर ही बैठेंगे जिसकी जिम्मेदारी स्थानीय पंचायत और प्रशासन की होगी।

# क्रिकेट स्टेडियम में लगेगी वीर नारायणसिंह की मूर्ति, समाजजनों ने किया स्थल निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहीद वीर नारायणसिंह अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम नया रायपुर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह की मूर्ति स्थापना के लिए सोनाखान में समाज की मांग पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 10 दिसंबर 2024 को राजाराव पठार में घोषणा की थी।

मूर्ति स्थापना को लेकर नीलकंठ टेकाम विधायक केशकाल, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ प्रदेश अध्यक्ष आरएन ध्रुव, प्रान्तीय सहसचिव एसपी ध्रुव, आदिवासी समन्वय मंच भारत के सदस्य डमरूधर मांझी, स्टेडियम प्रभारी टिप्पणा लिंगराज रेड्डी, लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी केशव मिश्रा ने स्थल निरीक्षण किया। अधिकारियों ने जल्द ही आवश्यक कार्रवाई पूर्ण कर कार्य प्रारम्भ करने का आश्वासन दिया। स्टेडियम में मूर्ति लग जाने से पूरी दुनिया भर के लोग छत्तीसगढ़ के महान शहीद वीरनारायण सिंह को करीब से जानेंगे।

# राष्ट्रीय आम महोत्सव में शामिल हुई जनपद पंचायत सभापति बैस

- महिला समूह ने आम से आमदनी बढ़ाने का लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय रायपुर में संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राष्ट्रीय आम महोत्सव 6, 7 एवं 8 जून को रखा गया था जिसमें जनपद सभापति सिंधु बैस एवं महिला समूह की महिलांए शामिल हुईं और आमदनी बढ़ाने का प्रशिक्षण लिया। कई वैरायटी के आम भी देखे। मौके पर उर्वशी बांधे, गंगा साहू समेत महिला समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# अतिशेष सूची में दावा आपत्ति के लिए नहीं दिया समय



- शिक्षक साझा मंच ने अधिकारियों पर लगाया आरोप, कलेक्टर से की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शिक्षक साझा मंच ने युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में विसंगतिपूर्ण सूची एवं विभिन्न त्रुटियों का निराकरण नहीं करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिला संचालकगण डॉ भूषण लाल चंद्राकार, अमित महोबे, दिनेश पांडे, दौलत राम ध्रुव, प्रांतीय सहसंचालक ममता खालसा, सविता छाटा ने बताया कि युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया 2025 अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी अतिशेष सूची में दावा आपत्ति के लिए समय नहीं दिया गया। प्रदर्शित संस्थाओं की रिक्त सूची समय पूर्व जारी नहीं की गई। जिले में कालखंड आधारित सूची कुछ ही विद्यालयों में जारी की गई है तथा जिले के समस्त हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी, माध्यमिक विद्यालयों में लागू नहीं की गई। पदाधिकारियों ने आगे कहा कि विभिन्न बिंदुओं में गंभीर त्रुटियां एवं विसंगति को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था, परंतु जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा इसकी अनदेखी कर अपने अनुसार काउंसिलिंग की प्रक्रिया की गई है, जिसमें शासन के निर्देशों की अवहेलना हुई है।

मौके पर शिक्षक साझा मंच के पदाधिकारी डॉ. आशीष नायक, कैलाश प्रसाद साहू, राजेश यादव, परविंदर कौर गिल, तुनेश्वरी साहू, हितेश साहू, शोभा गुप्ता, गेवाराम, हरीश साहू, दीपक सहारे, देवेंद्र भारद्वाज, केपी साहू, दीपेंद्र साहू, कांति भारद्वाज, नारद देवांगन, रूपेश साहू, दुलारी गंजीर, चंद्रहास सिन्हा, गौतम पोटाई, टीकम ध्रुव उपस्थित थे।

# पर्यावरण दिवस पर बिरेतरा स्कूल में हुआ पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



विश्व पर्यावरण दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरेतरा परिसर में एक पेड़ मां के नाम की संकल्पना के साथ वृहद पौधरोपण किया गया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष टीकाराम साहू, सरपंच प्रतिनिधि भारत लाल ध्रुव, उपसरपंच मनीष साहू सहित प्राचार्य गेवाराम नेताम ने विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता कार्य के लिए प्रेरित किया। मौके पर ईको एवं युवा क्लब प्रभारी चोवाराम चंद्राकर, रोहित कुमार साहू, दुलेश्वर सिंह साहू, सरिता सिन्हा, अमिता साहू, सेवाराम यादव, ईगन साहू उपस्थित थे।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, ढेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ढेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, श्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

धमतरी जिले में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| धमतरी शहर | 5 पद | योग्यता 12 से स्नातक |
| कुरूद | 3 पद | वेतन |
| मगरलोड | 2 पद | 10000/- |
| कोड़ेबोड़ | 2 पद | |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो धमतरी शहर, कुरूद, मगरलोड, कोड़ेबोड़ क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें। जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
Resume Whatsapp करें 9098324969

| | |
|---|---|
| धमतरी | - 9826114710 |
| कुरूद | - 9826882770 |
| मगरलोड | - 9340622144 |
| कोड़ेबोड़ | - 9131673165 |

हरिभूमि कार्यालय धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ से मिलिए
10 जून दिन मंगलवार गायत्री मंदिर, कुरूद
11 जून दिन बुधवार सूरज मेडिकल, धमतरी
समय : सुबह 10:00 से 3 बजे
लकवा (स्ट्रोक), नशो में दर्द (न्यूरोपैथी) गठियावात (अर्थराइटिस),
जोड़ो पर दर्द, अकड़न, झुनझुनी, जलन, शून्यपन का संपूर्ण निदान
L4-L5 नशों में दबाव के कारण
- रीढ़ की हड्डी पर दर्द, अकड़न, चलने पर दर्द बढ़ना, झुनझुनी, दाये और बाये पाव पर दर्द रहना।
घुटना दर्द
- घुटने पर सूजन, ज्यादा चलने और बैठकर उठने में दर्द।
- कट-कट की आवाज, लिक्विड कम होना हड्डी में गैप होना।
शुगर के कारण पाव के तलवो पर जलन, झुनझुनी, दर्द का संपूर्ण निदान
विशेष चिकित्सा
मूत्र रोग (प्रोस्ट्रेट, पेशाब नली की सिकुड़न)
क्या आपके मूत्र मार्ग में जलन, दर्द बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होती है क्या?
पाईल्स, भंगदर, फिशर, गुदा मार्ग में जलन, दर्द, (मवाद आना)
चर्म रोग : खूजली, फंगल इंफेक्शन, सफेद दाग
असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें, समय : सुबह 10:30 से 4 बजे तक
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, बिलासपुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
26 जुलाई से 01 अगस्त 2025 (सावन में)
03 नवंबर से 09 नवंबर 2025 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411